दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-269, वीरवार 29 सितंबर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## संक्षिप्त समाचार

### अग्रवाल कॉलेज में शहीद भगत सिंह को किया गया नमन



बल्लभगढ़ के अग्रवाल कालेज मे भगत सिंह जयंति पर अयोजित समारोह मे हिस्सा लेते प्राध्यापक व छात्र।

छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

**बल्लभगढ़, 28 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में बुधवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की 115 वी जयंती पर सर्वप्रथम अग्रवाल कॉलेज की उप प्राचार्या कमल टंडन ने उन्हें श्रद्धासुमन भेंट कर इतिहास में उनके अमर बलिदान को याद किया और कहा कि मां भारती को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने हेतु, स्वयं की आहुति देने वाले अमर बलिदानी, राष्ट्रीय नायक भगत सिंह से आज के युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

तत्पश्चात कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्तागण व विद्यार्थियों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने शहीद भगत सिंह का संक्षिप्त जीवन परिचय विद्यार्थियों से सांझा किया। इतिहास विभाग की ही असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सुप्रिया ढांडा ने शहीद भगत सिंह के भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्त्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों में डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. रामचंद व सुभाष ने शहीद भगत सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यार्थियों ने भगत सिंह जिंदाबाद , भगत सिंह अमर रहे के जोशिले नारों से वातावरण को देशभक्तिमय कर दिया।